दिन–शुक्रवार दिनांक– 27 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हो रही है।

02. यूरिया का घरेलू उत्पादन तीन सौ पन्द्रह लाख मीट्रिक टन पहुंचा। रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने कहा– वर्ष दो हजार चौदह से सिंदरी, बरौनी सहित कई स्थानों पर नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए।

03. रामनवमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पटना समेत प्रदेश के कई हिस्सों में देर शाम शोभा यात्राएं भी निकाली गईं।

04. और, मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों से बातचीत कर रहे हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा कर रहे हैं। इस बैठक में आदर्श आचार संहिता के कारण चुनाव वाले राज्यों के मुख्यमंत्री इस बैठक में शामिल नहीं हुए हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने संसद के दोनों सदनों में पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष पर भारत का रुख स्पष्ट किया था। श्री मोदी ने कहा था कि सरकार पेट्रोल, डीजल, तेल, गैस और उर्वरकों की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है।

---

देश में पिछले एक दशक में यूरिया का घरेलू उत्पादन दो सौ 30 लाख मीट्रिक टन से बढ़कर 3 सौ 15 लाख मीट्रिक टन हो गया है। आज लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने कहा कि उत्पादन बढ़ाने के लिए 2014 से सिंदरी, बरौनी सहित विभिन्न स्थानों पर कई नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए हैं। श्री नड्डा ने कहा कि खरीफ मौसम के लिए देश में पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध है।

———बाइट———

जहां तक खाद का सवाल है फर्ट्रीलाइजर का सवाल है माकूल पर्याप्त खाद की व्यवस्था भारत सरकार ने कर रखी है और हमारे रिजर्वस हैं और कोई भी पैनिक करने की जरूरत नहीं है। मैंने कल ही सभी एर्गीक्लचर मिनिस्टर्स से बातचीत की है। किसानों को सही समय पर खाद जितनी चाहिए वो मिलेगी।

---

सरकार ने कहा है कि लक्षित नीतिगत हस्तक्षेपों, अनुसंधान और विकास पहलों के कारण शुष्क भूमि और वर्षा आधारित क्षेत्रों में फसल उत्पादन में 82 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। आज राज्यसभा में एक प्रश्न के उत्तर में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश की कृषि भूमि का 48 प्रतिशत हिस्सा शुष्क भूमि है।

———बाइट———

एक एक बूंद का हम ढंग से और सही उपयोग कैसे करे ताकि जो ड्रायलैंड वाले हमारे किसान है उनकी जो हमारी खेती है वो अच्छा उत्पादन दे सके। उस कृत्य को कर सके। हमने सॉयल हेल्थ कार्ड बना के उसमें भी किन–किन तत्वों की कमी है ड्रायलैंड में भी। उसके हिसाब से जिन पोषक तत्वों की आवश्यकता है उतना ही केवल संतुलित उपयोग खाद का करे।

---

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि भारत, वर्तमान में वैश्विक स्तर पर लगभग तीस प्रतिशत जेनेरिक दवाओं की आपूर्ति करता है। लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान उन्होंने कहा कि भारतीय चिकित्सा परिषद विनियम, 2000 के अंतर्गत, सभी पंजीकृत चिकित्सकों का रोगियों को जेनेरिक दवाएं लिखना और तर्कसंगत सलाह देने की प्रक्रियाओं का पालन करना अनिवार्य है।

———बाइट———

हमारा जो इंडियल मेडिकल काउंसिल का रेगुलेशन है। उसके क्लॉस वन पॉइंट फाइफ के तहत हमने यह नियम बनाया है कि जितने भी रजिस्टर्ड मेडिकल प्रेक्टिशनर्ज है वो जेनरीक दवाओं को ही प्रिस्क्राइब करेंगे और नेशनल प्रिस्क्रीबशन पर ध्यान देंगे। इस संबंध में हमारे जितने सेंट्रल गवर्मेंट के हॉस्पिटल है उन्हें डीजीएसएच की तरफ से भी इंस्ट्रक्शन जारी किए जा चुके हैं।

---

विधानसभा अध्यक्ष प्रेम कुमार ने कहा है कि संविधान के तहत कोई भी निर्वाचित सदस्य चौदह दिनों के भीतर एक पद से इस्तीफा देने के लिए बाध्य होता है। अध्यक्ष ने कहा कि नीतीश कुमार राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो चुके हैं, इसलिए उन्हें इस्तीफा देना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन को भी तीस मार्च तक इस्तीफा देना पड़ेगा।

---बाइट---

इधर, जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि राज्य सभा के लिए चयनित मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के तीस मार्च तक पद छोड़ने की सम्भावना है।

---

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व और भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा है कि विभागीय कामों के सुचारू संचालन के लिए सेवानिवृत्त अंचलाधिकारियों को अनुबंध के आधार पर नियुक्त किया जाएगा।

---बाइट--- .

---

केन्द्र सरकार ने सोशल मीडिया पर वायरल उस वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में लॉकडाउन की घोषणा कर दी। पत्र सूचना कार्यालय-पीआईबी की फैक्ट चेक यूनिट ने इस दावे को फर्जी बताया है और कहा है कि प्रधानमंत्री या केंद्र सरकार ने लॉकडाउन या ऐसी कोई घोषणा नहीं की है। पीआईबी ने लोगों से ऐसी सनसनीखेज खबरों पर विश्वास नहीं करने और केवल आधिकारिक सूचना पर भरोसा करने का आग्रह किया है।

---

वाणिज्य और उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने आज लोकसभा में जन विश्वास-प्रावधान संशोधन विधेयक, 2026 प्रस्तुत किया। श्री प्रसाद ने कहा कि इस

विधेयक के अंतर्गत छोटे अपराधों को अपराध की श्रेणी से बाहर किया जाएगा और जुर्माने तथा दंड को अपराध के अनुपात में संशोधित करने जैसे उपाय किए जाएंगे।

---

केन्द्र सरकार ने राज्यों के लिए वाणिज्यिक एलपीजी आवंटन को बढ़ाकर सत्तर प्रतिशत करने का निर्णय लिया है। इसमें से बीस प्रतिशत आवंटन इस्पात, ऑटोमोबिल, कपड़ा और अन्य श्रम प्रधान उद्योगों को दिया जाएगा। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी घोषणा करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को सुगम बनाना है। उन्होंने कहा कि उन उद्योगों को प्राथमिकता दी जाएगी जहां पाइप लाइन गैस विकल्प नहीं है। श्री पुरी ने कहा कि जहां दुनिया के अन्य देश चार दिन के कार्य सप्ताह, स्कूल और कार्यालय बंद करने और ईंधन की कीमतों में बीस से तीस प्रतिशत की वृद्धि जैसे कई कड़े ईंधन संरक्षण उपाय कर रहे हैं। वहीं भारत ऊर्जा सुरक्षा, उपलब्धता और सामर्थ्य का एक उत्कृष्ट उदाहरण बना हुआ है।

---

केंद्र सरकार ने घरेलू खपत के लिए पेट्रोल और डीजल पर केंद्रीय उत्पाद शुल्क में दस रुपये प्रति लीटर की कटौती की है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा है कि यह निर्णय पश्चिम एशिया संकट के बीच लिया गया है। उन्होंने कहा कि इससे उपभोक्ताओं को बढ़ती कीमतों से राहत मिलेगी।

---

राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग, ई.डब्ल्यू.एस प्रमाणपत्र के लिए नई गाइड लाइन जारी की है। इस पूरी प्रक्रिया के लिए आवेदन में अट्ठाईस प्रश्न पूछे जायेंगे। नये नियम के अनुसार आय में वेतन के साथ कृषि और व्यवसाय की कमाई भी शामिल होगी। वहीं, पांच एकड़ से ज्यादा कृषि भूमि या तय सीमा से ज्यादा संपत्ति वालों को लाभ नहीं मिलेगा। पति–पत्नी और आश्रित बच्चों की संयुक्त आय के आधार पर पात्रता तय होगी। गलत जानकारी देकर प्रमाण पत्र बनवाने पर कार्रवाई की जायेगी।

---

औरंगाबाद जिले के हसपुरा थाना क्षेत्र के खुटहन गांव में एक युवक ने अपने ही परिवार के तीन बच्चों की गर्दन रेत कर हत्या कर दी। बाद में आरोपित ने गर्दन रेतकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। दाउदनगर के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशोक कुमार दास ने बताया कि अमन पाल नामक युवक ने अपने बड़े भाई के तीन बच्चों की गर्दन रेत कर हत्या कर दी है, जब बच्चें अपने कमरे में खेल रहे थे। उन्होंने कहा कि घटना का कारण पारिवारिक विवाद बताया गया है। तीनों बच्चों के शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

---

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण एक नया सिस्टम विकसित हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार एक विक्षोभ बिहार से लेकर मणिपुर तक फैली हुई है। जिसके कारण प्रदेश के कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है। इसके बाद अगले तीन दिनों के बाद तापमान में वृद्धि हो सकती है। इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान कैमूर जिले का भभुआ सैंतीस डिग्री सेल्सियस के साथ राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———बाइट———

---

रामनवमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। पटना जंक्शन स्थित महावीर मंदिर में श्रद्धालुओं के लिए रात्रि दो बजे से पट खोल दिये गये थे। वहीं, इस मौके पर राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में शोभा यात्राएं भी निकाली गईं। भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल–सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई जनप्रतिनिधि और विभिन्न राज्यों के कलाकार भी शामिल हुये। इधर, रामनवमी को लेकर प्रदेशभर में सुरक्षा के

व्यापक प्रबंध किये गये थे। राजधानी पटना में यातायात व्यवस्था में भी बदलाव किया गया था।

---

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम नवमी के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। इधर, राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल– सेवानिवृत्त सैयद अता हसनैन, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर प्रेम कुमार, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने भी प्रदेशवासियों को रामनवमी की बधाई दी है।

---

निगरानी जांच ब्यूरो ने मधुबनी जिले के खदौली प्रखंड की शिक्षिका वीणा कुमारी का सीपीईडी अंक पत्र जांच के दौरान फर्जी पाये जाने के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई है। गौरतलब है कि वर्ष दो हजार आठ में वीणा को प्रखंड शिक्षिका के रूप में नियुक्त किया गया था।

---

सारण जिले के मांझी थाना क्षेत्र के मटियार गांव के पास सरयू नदी में डूबने से तीन लोगों की मौत हो गई। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से शवों को नदी से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

---

अररिया जिले में अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई के दौरान फारबिगंज अंचल के खान निरीक्षक ने तीन ट्रैक्टरों को जब्त किया है। जब्त तीनों टैक्टरों पर सवा तीन लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

---

रोहतास जिले में पुलिस ने अंतरजिला बाइक चोर गिरोह का खुलासा करते हुए दस चोरी की मोटरसाइकिल के साथ तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया है।

---

सीतामढ़ी जिले की पुलिस ने आपरेशन मुस्कान के तहत जिले के 53 लोगों को उनके गुम हुए मोबाइल को बरामद कर उनके मालिकों को वापस किया है। पुलिस अधीक्षक अमित रंजन ने बताया कि बरामद मोबाईलों की कीमत लगभग दस लाख रूपये है।

---

पश्चिम चंपारण जिले में भारत–नेपाल सीमा सुरक्षा बल ने गश्ती के दौरान चार किलोग्राम चरस के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, कटिहार जिले में बलरामपुर थाना क्षेत्र की पुलिस ने दो सौ पच्चासी ग्राम स्मैक के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पश्चिम एशिया संघर्ष पर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे हैं। बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हो रही है।
02. यूरिया का घरेलू उत्पादन तीन सौ पन्द्रह लाख मीट्रिक टन पहुंचा। रसायन और उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा ने कहा– वर्ष दो हजार चौदह से सिंदरी, बरौनी सहित कई स्थानों पर  नए उर्वरक संयंत्र स्थापित किए गए।
03. रामनवमी का पर्व आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पटना समेत प्रदेश के कई हिस्सों में देर शाम शोभा यात्राएं भी निकाली गईं।
04. और, मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में अगले अड़तालीस घंटों के दौरान अधिकतम और न्यूनतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की कमी होने की संभावना है।

---

**समाप्त**